Dainik Bhaskar (05.02.2016)

वाईएमसीए विवि 5000 लोगों को देगा फ्री कंप्यूटर प्रशिक्षण

फरीदाबाद| पीएम नरेन्द्र मोदी के डिजिटल साक्षरता अभियान से जुड़ते हुए वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने साधन से वंचित आर्थिक व शैक्षणिक रूप से कमजोर लोगों को निःशुल्क बेसिक कंप्यूटर एवं इंटरनेट का प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार विश्वविद्यालय की ओर से की जा रही इस पहल का उद्देश्य वर्ष पांच हजार लोगों को आईटी उपकरणों की जानकारी देकर डिजिटल साक्षर बनाना है। इस कार्यक्रम के तहत सूचना प्रौद्योगिकी की जानकारी न रखने वाले किसी भी व्यक्ति को डिजिटल उपकरण जैसे मोबाइल फोन, टेबलेट, ई-मेल भेजना व प्राप्त करना, इंटरनेट पर जानकारी हासिल करना आदि की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ-साथ उसे सोशल नेटवर्किंग साइट की जानकारी, ई-बैंकिंग, रेल रिजर्वेशन, पासपोर्ट, एलपीजी बुकिंग तथा सरकारी ई-सुविधाओं की जानकारी भी दी जाएगी। कुलपति ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी के युग में सूचनाओं का दायरा बढ़ा है। ई-गवर्नेंस से सरकारी सुविधाओं व योजनाओं की पहुंच सीधे आम आदमी तक बनी है। विश्वविद्यालय द्वारा निःशुल्क बेसिक कंप्यूटर एवं इंटरनेट का प्रशिक्षण कार्यक्रम इस दिशा में एक प्रयास है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कालेज द्वारा चलाया जाएगा। पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए कम्युनिटी कालेज के प्राचार्य डा. विकास तुर्क के अनुसार इस कार्यक्रम में 14 से 60 वर्ष आयु का कोई भी व्यक्ति, जिसके पास आधार कार्ड है वह हिस्सा ले सकता है।

Amar Ujala (05.02.2016)

अमर उजाला युवा फरीदाबाद

वाईएमसीए में मिलेगा मुफ्त कंप्यूटर प्रशिक्षण

अमर उजाला ब्यूरो

14 से 60 वर्ष आयु के लोग ले सकते हैं हिस्सा

डिजिटल साक्षरता अभियान के तहत हो रही पहल

आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मिलेगा लाभ

फरीदाबाद। वाईएमसीए विश्वविद्यालय पांच हजार लोगों को कंप्यूटर व इंटरनेट का निःशुल्क प्रशिक्षण देगा। विश्वविद्यालय ने यह पहल केंद्र सरकार के डिजिटल साक्षरता अभियान से जुडने के तहत की है।

इस अभियान के तहत वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने शहर के आर्थिक रूप से कमजोर और साधनों से वंचित लोगों को प्रशिक्षण देने का निर्णय किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मुताबिक इस पहल का उद्देश्य पांच हजार लोगों को आईटी उपकरणों की जानकारी देकर डिजिटल साक्षर बनाना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, सूचना-प्रौद्योगिकी की जानकारी न रखने वाले किसी भी व्यक्ति को डिजिटल उपकरण जैसे मोबाइल, टेबलेट, ई-मेल भेजना व प्राप्त करना, इंटरनेट पर जानकारी हासिल करना आदि विभिन्न जानकारियां दी जाएंगी। कुलपति ने बताया कि इसके साथ ही लोगों को ऐसी जानकारियां भी दी जाएंगी जो वर्तमान में दैनिक जीवन में उपयोगी हैं।

कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण विश्व विद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज द्वारा चलाया जाएगा। जिसके तहत वेल्डिंग व इलेक्ट्रिशियन के एक वर्षीय कोर्स करवाए जाते हैं।

कम्युनिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विकास तुर्क ने बताया कि प्रशिक्षण में 14 से 60 वर्ष आयु का कोई भी व्यक्ति अपने आधार कार्ड के साथ हिस्सा ले सकता है। प्रशिक्षण लगभग 20 घंटे का रहेगा और प्रतिदिन दो घंटे प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रशिक्षुओं को विश्वविद्यालय प्रमाण पत्र भी देगा।

The Tribune
CHANDIGARH | FRIDAY | 5 FEBRUARY

CHANDIGARH

Free computer course

The YMCA University of Science and Technology, Faridabad, on Thursday decided to launch a special programme to impart free basic computer and Internet training to the people belonging to the weaker sections. Vice Chancellor Dinesh Kumar said the initiative was aimed at providing IT training to 5,000 persons in a year. — TNS

The Tribune